JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

(CIN:U40108JH2013SGC001704)

Regd.Office: Engineering Building,H.E.C.,Dhurwa,Ranchi - 834004

OFFICE OF THE ELECTRICAL EXECUTIVE ENGINEER

TRANSMISSION DIVISION , DUMKA

14/11/17

पत्रांक संख्या :....239...... /दुमका/ .... दिनांक ....13.11.17..........

प्रेषक,
विद्युत् कार्यपालक अभियंता,
संचरण प्रमंडल दुमका,

सेवा में,
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
वन प्रमंडल ,देवघर,

विषय-वन छेत्र चिन्हित करने के सम्बन्ध में I

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि २२० के वि जसीडीह-दुमका संचरण लाइन का निर्मार्ण हेतु आप के विभा द्वारा पत्रांक १६१ दिनांक १६.०८.१७ को वन भूमि तथा जंगल झारी कि सूचि हमें दिया गया था जिसमे मौजा मंजुनाच,मौजा संख्या ९०५ में प्लाट संख्या ७८ को अधिसूचित वन भूमि दिखाया गया है, जो को हम लोगो ने प्लाट संख्या ७८ आधी सूचित वन भूमि को बचा कर दोबारा २२० के लाइन का सर्वे किया गया है दोबारा सर्वे किये गए मार्ग का मौजा मैप पर हरे रंग से दर्शाया गया है I

अत : आप से अनुरोध है कि उपरोक्त संचरण लाइन में पड़ने वाले मौजा में वन छेत्र /जंगल झारी चिन्हित करने कि कृपा व I

विश्वासभाजन

13/11/17

विद्युत् कार्यपालक अभियंता,
संचरण प्रमंडल दुमका

Electrical Executive Engineer
Transmission Division, Dumka

अनु :- तथैव I

कार्यालय-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, देवघर वन प्रमण्डल, देवघर

संयुक्त वन भवन, बेलाबगान, देवघर

फोन/फैक्स नं०-6432 - 232397, मो०-9431137795, ई-मेल : dfo.deoghar2@gmail.com

MOMENTUM JHARKHAND

पत्रांक 3278 देवघर, दिनांक 4.12.2017

प्रेषक,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
देवघर वन प्रमंडल, देवघर।

सेवा में,

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
संचरण प्रमंडल, दुमका।

विषय : वन क्षेत्र चिन्हित करने के संबंध में।

प्रसंग : आपका पत्रांक 239, दुमका दिनांक 13.11.2017।

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में सूचित करना है कि 220 के०भी० जसीडीह–दुमका संचरण लाईन के निर्माण हेतु देवघर जिला के अन्तर्गत पड़नेवाले ग्राम के समर्पित मानचित्र मौजा–मयूरनाच नं०–905, थाना–मोहनपुर (देवघर) के केडस्ट्रल मानचित्र पर आरेखित संचरण लाईन का मिलान किया गया। आरेखित परिवर्त्तित संचरण लाईन में अधिसूचित वनभूमि नहीं है।

यहाँ यह सुस्पष्ट करना आवश्यक है कि प्रत्येक ग्राम के अन्तर्गत संचरण लाईन में पड़ने वाले भूमि यथा -- **रैयती / गैरमजरूआ / जंगल झाड़ी** एवं वनभूमि की भूमि विवरणी (Land Schedule) अलग–अलग तैयार कर समर्पित किया जाए तथा भूमि की किस्म के पहचान हेतु प्रत्येक खेसरा (Plot no) का खतियान की अभिप्रमाणित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।

सूचनार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

4/12/17

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
देवघर वन प्रमण्डल, देवघर